# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–31.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय एकता दिवस पर कहा कि एक देश, एक संविधान का संकल्प पूरा करने के बाद अब उनकी सरकार देश में एक देश, एक चुनाव और एक देश, एक समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में काम कर रही है। गुजरात के केवड़िया में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भगवान बिरसा मुंडा को भी याद किया। उन्होंने नक्सलवाद का जिक्र करते हुए कहा कि जनजातीय समाज के बीच सोची समझी साजिश के तहत नक्सलवाद का बीज बोया गया।

*****************

राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जो राष्ट्र की एकता और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रही है। इससे पहले भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर गुजरात के केवड़िया स्थित एकता नगर में आयोजित राष्टीय एकता दिवसर पर प्रधानमंत्री ने स्टैचू ऑफ यूनिटी में सरदार वल्लभ भाई पटेल को विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की और एकता की शपथ भी दिलायी। इस मौके पर एकता परेड और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। इस दौरान वायु सेना की सूर्य किरण टीम ने साहसिक प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

*****************

आज पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भी पुण्यतिथि है। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के शक्ति स्थल पर इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर राज्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

*****************

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नाम वापसी का कल आखिरी दिन है। इस चरण के लिए छह सौ चौंतीस उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। दूसरे चरण के लिए अड़तीस निर्वाचन क्षेत्रों में 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि पहले चरण के लिए 13 नवंबर को तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। दोनों चरणों के वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

*****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से इस बार अधिक प्रत्याशी मैदान में हैं। इन बढ़े प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन आयोग के पास पर्याप्त इवीएम हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। वहीं दूसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच की गयी। कुछ जिलों में प्रत्याशियों को सूचना देने के लिए कल दिन के 11 बजे बुलाया गया है। उसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि कितने प्रत्याशियों के नामांकन दुरुस्त मिले हैं।

*****************

राज्य में आदर्श आचार संहिता के सख्ती से पालन कराने को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग भी सख्त है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने बताया कि अब तक विभिन्न जिलों में आचार संहिता उल्लंघन के 22 मामले दर्ज किये गये हैं और  कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 121 करोड़ 14 लाख रुपए के अवैध सामान और नगदी भी ज़ब्त की गई है। श्री कुमार ने बताया कि एक करोड़ रूपये से अधिक जब्ती वाले जिले में 3 करोड़ तीन हज़ार रुपये के साथ खूंटी जिला सबसे आगे है।

1

*****************

विधानसभा चुनाव भयमुक्त और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर आज रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी की गयी। इस दौरान सभी बैरक और वार्डों में जांच की गयी, लेकिन कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ।

*****************

झारखंड सहित देश भर में आज दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कच्छ में जवानों के साथ दीपावली मनायी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जवानों को मिठाई खिलायी और दीपावली की शुभकामनायें दी। इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई राजनेताओं ने दीपावली की शुकामनाएं दी है।

******समाप्त***********